चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/2578
दिनांक : 25/5/2026

अति आवश्यक/शीर्ष प्राथमिकता
विज्ञप्ति

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का 38वाँ दीक्षान्त समारोह जुलाई माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। **वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित बी0ए0बी0एड0 एवं बी0एल0एड0 वर्ष 2026 अन्तिम वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के पैनल प्रेषित किये जा चुके हैं।**

अतः सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों से अनुरोध है कि **बी0ए0बी0एड0 एवं बी0एल0एड0 की आन्तरिक परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराकर उनके अंक प्रत्येक दशा में 07 कार्य दिवसों में पोर्टल पर अपलोड कर** अंकपर्णो की दो प्रतियाँ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–42 में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें **ताकि परीक्षा परिणाम घोषित करने के उपरान्त श्रेष्ठता सूची जारी की जा सके।** यदि किसी छात्र/छात्रा का **आन्तरिक परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के अंकों के अभाव में** परीक्षा परिणाम जारी नहीं हो पाता है और उक्त छात्र/छात्रा श्रेष्ठता सूची में स्थान पाने से वंचित रहा जाता/जाती है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. प्रभारी, वेबसाईट/कम्प्यूटर सेल/परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
4. निदेशक, सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त लिंक पर अंक अपलोड करने की निर्बाध सेवायें उपलब्ध कराना और यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल उसका निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें।
5. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)